Moving Every Mile With A Smile

# संvad

## Maheshwari Logistics Ltd.

Coal | Logistics | Paper

January - March 2024
ISSUE 22

बालादपि गृहीतव्यं युक्तमुक्तं मनीषिभिः। रवेरविषये किं न प्रदीपस्य प्रकाशनम्।।

*Sensible words, even if coming from a child, should be accepted by the learned. Doesn't a lamp illuminate where the sun cannot?*



## स्पर्श

हमारे आस-पास के सभी व्यक्तियों के साथ गहरा संबंध बनाने की इच्छा एक सामाजिक और आत्मिक आवश्यकता है।

यह संबंध हमारे परिवार, रिश्तेदार, दोस्त, सहकर्मी या जो भी हमारे आस पास हैं सभी के साथ हो सकता है। इसका उद्देश्य एक-दूसरे के साथ संवाद, समझौता, और सहयोग को बढ़ावा देना होता है।

"लोकः समस्ताः सुखीनो भवन्तु"

इस मंत्र का अर्थ है- "हम सभी के लिए खुशहालता और शांति की कामना करते हैं।"

इस मंत्र को नियमित रूप से उच्चारण करने से हमारा मन और शरीर सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है।

मैं अपना अनुभव आपसे साझा करती हूँ, इसे रात को सोने जाते समय ११ बार उच्चारण कर के देखें, मन और शरीर में एक अद्भुत अनुभूति होगी, क्योंकि दूसरों के लिए अच्छा सोचना हमें आत्मानुभूति, संवेदनशीलता, और सहानुभूति का अनुभव कराता है और हम अंदर से खुश और शांत महसूस करते हैं।

इस प्रकार, हम एक समर्थ, संवेदनशील और समरस्थ समाज की ओर प्रगति करते हैं, जो शांति और समृद्धि की दिशा में अग्रसर होता है।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad



## समन्वय

नमन आप सभी को,

आज मैं आपके सामने अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहता हूँ। जब मैं हमारी यात्रा के बारे में सोचता हूं, तो मेरे मन में आप सभी की मेहनत का दृश्य आता है। इस कंपनी के डायरेक्टर के रूप में मुझे हर एक व्यक्ति के प्रति आभार है जो सफलता के लिए कार्य करने में साथ रहे हैं।

हमारे संगठन के हर कोने में, ऑफिस से लेकर फैक्ट्री तक आपका समर्पण और कठिन परिश्रम हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मिलकर हमने इस बड़े जहाज को जितना दूर पहुँचाया है उसे अभी और सैकड़ों दूर मंजिल तक ले जाना है।


जैसे ही हम एक नए अध्याय के लिए आगे कदम रखते हैं, हमें याद रखना चाहिए कि हमारी सबसे बड़ी कामयाबी पिछले समय में नहीं, बल्कि आगे की राह पर मिलेगी। मुझे पता है कि चुनौतियां आना निश्चित हैं, लेकिन मुझे हमारी क्षमता पर कोई संदेह नहीं है।

आगे के दिनों, हफ्तों और वर्षों में, साहस और दृढ़ता के साथ हमारी कंपनी की कहानी मेहनत सहित लिखते रहने के लिए, मैं आपसे आग्रह करता हूँ क्योंकि यदि हमने कड़ी मेहनत को अपना हथियार बनाया तो सफलता हमारी गुलाम बन जाएगी।

धन्यवाद!

Shubham Maheshwari
Director, Maheshwari Logistics Limited.

## श्रध्दांजलि



अनवर अली शेख



सविता काबरा

# IN HOUSE TALENT *Congratulations!!!*


Delhi Public School Vapi
UNDER THE AEGIS OF DELHI PUBLIC SCHOOL SOCIETY
This Certificate is awarded to Vidhi Maheshwari (PAVO)
of Class VI Section A for the
Academic Year 2023-24
for securing III position
in Inter house Chess Competition
Headmistress

Vidhi Maheshwari secured 3rd position in Inter House Chess Competition



Aarnav Maheshwari won Bronze Medal in Karate


ભાવેણા ન્યૂઝ
સરગમ આર્ટ ડિપ્લોમા ફાઇન આર્ટ એકેડમી ના સ્ટુડન્ટ્સ ના પેઇન્ટિંગ નું આજે ગોવા મા પણજી ખાતે પ્રદર્શન યોજાયુ.

Vidhi Maheshwari's painting got selected for Goa National Art Exhibition

## *Congratulations to our well wishers !!!*

Divya Bhaskar featured Rachna Maheshwari on International Women's Day for her start up Chandi Mahal


Women's ભાસ્કર
પારિવારિક જ્વેલરી બિઝનેસમાં પોતાની પ્રતિભાની ચમક ફેલાવી છે રચના મહેશ્વરી - કે.કે.જ્વેલ્સ -સીઈઓ

Ritik Binani appointed as Photographer in chief at BGUIMUN (Birla Global University International Model United Nations)



## बुजर्गों का अनुभव

एक बार एक गाँव में आग लग जाती है तो सब लोग भाग कर गांव के बाहर हो जाते हैं। एक बुजर्ग अपाहिज होने के कारण वहीं रह जाते हैं और दूसरा एक युवा जो अंधा था वह उसी जगह चिल्ला कर इधर उधर भागने लगता है, तब उस से बोलते हैं कि तुम मुझे अपने कंधे पर बिठालो, मैं तुम्हे रास्ता बताता जाऊँगा।

उस अंधे व्यक्ति ने उन्हें कंधे पर बिठाया और इस तरह दोनों आग से बाहर हो गए। अत: हमें अपने बुजर्गों के अनुभव का अनुसरण करते रहना चाहिए



**समुन्दर सिंह, जैतारन**

## वहम एक बीमारी

एक व्यक्ति को भ्रम हो गया कि वह मनुष्य नहीं है बल्कि अनाज का दाना है। वह बाहर निकलता तो पक्षियों को देख कर छिप जाता कि कहीं वे उसे चुग न लें, चक्की के पास से गुजरता तो उसका दिल धड़कने लगता कि कहीं वह पिस न जाए, बारिश होती तो उसे डर लगता कि कहीं उसमें से अंकुर न फूट जाए।

आखिर उसे एक मनोरोग विशेषज्ञ के पास ले जाया गया। काफी देर तक संवाद करने के बाद विशेषज्ञ उसे यह यकीन दिलाने में सफल हो गया कि वह अनाज नहीं मनुष्य है, क्योंकि बोलना, चलना, सोचना ऐसे तमाम काम हैं, जो वह कर सकता है, लेकिन एक अनाज का दाना नहीं कर सकता। वह विशेषज्ञ का आभार प्रकट करके चला गया। दो ही मिनट बीते थे कि वह भागता हुआ आया और विशेषज्ञ की मेज के नीचे छिप गया। उसने पूछा कि क्या हुआ तो मरीज ने बताया कि बाहर एक मुर्गा है, जो उसकी ओर बढ़ रहा है।

विशेषज्ञ ने उसे डांटा और बोला कि तुम्हें पता है कि तुम अनाज नहीं बल्कि एक इंसान हो।

उसने कहा आपकी बात सही है साहब, मुझे तो आपने समझा दिया, लेकिन मुर्गे को तो यह बात नहीं पता होगी न।

सार- वहम का कोई इलाज नहीं होता।



**विरम सिंह चौहान, नागौर**

## *Think Outside the box*

One day in Akbar's court someone asked the question, "How many crows are there in the city?", No one had the answer.

Birbal quickly replied "Four thousand three hundred and twelve".

He was asked how did he know this?

Birbal said "Send your man out to count the crows. If it is lesser than this number then some crows are visiting their families elsewhere and if it is more than this number, then some crows from outside are visiting their families here.

Akbar was very happy with the answer and showered Birbal with gifts for his wit.

Moral of the story:
Sometimes to tackle the situation you have to think outside the box.



**CS Vamsi Krishna, Vapi**

## श्री कृष्ण कौन है?

- पहली गाली में सिर काटने का सामर्थ होने के बाद भी अगर 99 गाली और सुनने की क्षमता है तो वो कृष्ण है... *Learn to ignore abuse*
- सुदर्शन हाथ में होने के बाद भी दुनिया को मुरली से साधने की क्षमता है तो वो कृष्ण है... *Be soft and humble*
- द्वारिका जैसा वैभव होने के बाद भी सुदामा जैसा मित्र को गले लगाने की क्षमता है तो वो कृष्ण है... *Be grounded in roots*
- मृत्यु के फन पे खड़े होकर अगर नृत्य करने की क्षमता है तो वो कृष्ण है... *Celebrate every moment in life and stay positive*
- सर्व शक्तिशाली होने के बाद भी जो सारथी है तो वो कृष्ण है... *Share your knowledge and experience with people without expecting anything in return*

गहरी बात है चिंतनकर के यदि समझलिया
तो संसार जीत लिया मानो।



**राधिका काबरा, कोलकाता**

आप अपने हुनर को इस पते पर भेज सकते हैं, या priyaupadhyaymlpl@gmail.com पर मेल कीजिए ।

**Priyanka Dubey, MLL House, Shed No A2-3/2, Opp. UPL, 1st Phase, GIDC, VAPI - 396 195. Mobile No. 98243 02806**




12:00 बजने के स्थान पर आदित्य लिखा हुआ है जिसका अर्थ यह है कि सूर्य 12 प्रकार के होते हैं-
अंशुमान, अर्यमन, इंद्रा, त्वष्टा, धातु, पर्जन्य, पूषा, भग, मित्र, वरुण, विवस्वान, विष्णु

1:00 बजने के स्थान पर ईश्वर लिखा हुआ है इसका अर्थ यह है कि ईश्वर एक ही प्रकार का होता है।
एको ब्रह्म द्वितीयो नास्ति।

2:00 बजने की स्थान पर पक्ष लिखा हुआ है जिसका तात्पर्य यह है कि पक्ष दो होते हैं-
एक कृष्ण पक्ष और दूसरा शुक्ल पक्ष।

3:00 बजने के स्थान पर अनादि तत्व लिखा हुआ है जिसका तात्पर्य यह है कि अनादि तत्व 3 हैं-
परमात्मा, जीवात्मा और प्रकृति, ये तीनों तत्व अनादि हैं।

4:00 बजने के स्थान पर वेद लिखा हुआ है जिसका तात्पर्य यह है कि वेद चार प्रकार के होते हैं-
ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद।

5:00 बजने के स्थान पर महाभूत लिखा हुआ है जिसका तात्पर्य है कि महाभूत पांच प्रकार के होते हैं-
पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश

6:00 बजने के स्थान पर दर्शन लिखा हुआ है इसका तात्पर्य है कि दर्शन 6 प्रकार के होते हैं-
सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा और वेदान्ता।

7:00 बजे के स्थान पर धातु लिखा हुआ है इसका तात्पर्य है कि धातु 7 हैं-

| | | |
|---|---|---|
| रस : प्लाज्मा | रक्त : खून (ब्लड) | मांस : मांसपेशियां |
| मेद : वसा (फैट) | अस्थि : हड्डियाँ | मज्जा : बोनमैरो |
| शुक्र : प्रजनन संबंधी ऊतक | | |

8:00 बजने के स्थान पर अष्टांग योग लिखा हुआ है इसका तात्पर्य है कि योग के आठ प्रकार होते है। योग के आठ अंग हैं-
1) यम, 2) नियम, 3) आसन, 4) प्राणायाम, 5) प्रत्याहार, 6) धारणा 7) ध्यान 8) समाधि

9:00 बजने के स्थान पर अंक लिखा हुआ है इसका तात्पर्य है कि अंक 9 प्रकार के होते हैं-
1 2 3 4 5 6 7 8 9

10:00 बजने के स्थान पर दिशाएं लिखा हुआ है इसका तात्पर्य है कि दिशाएं 10 होती हैं-
ऊर्ध्व, ईशान, पूर्व, आग्नेय, दक्षिण, नैऋत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर, अधो।

11:00 बजने के स्थान पर उपनिषद लिखा हुआ है इसका तात्पर्य है कि उपनिषद 11 प्रकार के होते हैं-
ईसा, केना, कथा, प्रश्न, मुंडका, मांडूक्य, ऐतरेय, तैत्तिरीय, छान्दोग्य, बृहद आरण्यक, श्वेताश्वर



कृष्णावतार काबरा, अहमदाबाद

# खेल खेल में

## Puzzle

**1. Sequence**

3
13
1113
3113
2123
112213
312213
212223
114213
? -

**2. Insert the word that completes the first word and begins the second**

FRIEND(....)MENT

**3. Odd one out**

a - Duck, Dog, Cat, Donkey
b - Red, Sun, Green, Blue
c - Spring, Summer, Winter, July

**Last edition Sudoku solved by**
Manish Maharshi
Yogesh Mistry
Priyanka Dubey



Prize winners for highest participation in Samvad last year
Reena Desai and Yogesh Poddar
Ahmedabad





रिडल्स के सही जवाब आपको 15th May तक भेजने है।
जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।

# GLIMPSE OF EVENTS


VAPI YOGATHON
Every Movement Matters
Event Presented by
Rotary
Vapi Phoenix
Certificate
OF APPRECIATION
We extend our heartfelt gratitude to
Maheshwari Logistics Ltd
for your unwavering support & strong commitment for VAPI YOGATHON 2024 towards the cause of Rural Women Empowerment held on 28th Jan'24.
Rajeev Sarayan, Event Chairman
Vishal Nadkarni, President
Hardik Upadhyay, Hon. Secretary

Certificate of appreciation for support in Yogathon



Mahindra Leadership Excellence Champion in West Zone



Pooja at MLL Mahindra Trucks and Buses, Chikhli

Women's DAY



International Women's Day Celebration at MLL Mahindra Trucks and Buses, Mora



Holi Celebration at MLL, Dahej



Medical Check up camp at MLL, Hazira



Holi Celebration at MLL, Gotan



Medical Check up camp at MLL, Mora

## Employees of the month at MLL Mahindra Trucks and Bus Division



**December' 23**

Service Technician - Manoj Swami, Biki Kumar
Part Executive - Manglesh Dubey

**January' 24**

Service Technician - Amar Yadav, Vishwas Kumar
Bodyshop Manager - Subhash Patel

**February' 24**

Service Technician - Rupesh Kuswaha
Autoelectrician - FardinMiddya
Service Department - Vivek Kumar







Mahindra Rise.